CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:23 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 7:06 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 172 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

पापा के साथ सनी ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ठंड से बचाव के लिए नैनीताल प्रशासन अलर्ट डीएम ने दिए निर्देश



नैनीताल । कुमाऊं मंडल के नैनीताल जिले में बढ़ती ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने जिले के सभी उप जिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। डीएम ने कहा है कि सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही रैनबसेरों में ठहरने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने तथा जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को कंबल वितरित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतलहर से किसी भी व्यक्ति को परेशानी न होए इसके लिए निरंतर निगरानी रखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं।


### अस्थाई पार्किंग स्थल पर पर्यटकों के वाहन रोकने पर विवाद

नैनीताल । नगर के नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यटकों के वाहनों को रोकने पर पर्यटकों में आपस में विवाद हो गया। विवाद का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बता दें कि इन दिनों नैनीताल में वाहनों का दबाव बढ़ने पर यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस की ओर से अस्थाई पार्किंग स्थलों पर बिना होटल बुकिंग वाले वाहनों को रोका जा रहा है, जहां से पर्यटकों को शटल के माध्यम से नैनीताल भेजा जा रहा है। रविवार की रात देर शाम भी जब रूसी बाईपास में पुलिस ने पर्यटकों के वाहनों को रोका तो एक पर्यटक पुलिस से भिड़ गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें पर्यटक पुलिस पर बेवजह रोकने का आरोप लगा रहे हैं। मामले में एसपी (यातायात व अपराध) डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया नैनीताल में यातायात व्यवस्था बनाने के लिए बिना होटल बुकिंग वाले पर्यटकों के वाहनों को रोककर शटल से भेजने की बात पर कई पर्यटक विवाद कर रहे हैं।


## नैनीताल के उच्च स्तरीय होटलों में लाइव म्यूजिक व बॉलीवुड नाइट की थीम पर नववर्ष का रंग जमेगा

नैनीताल

हमारे संवाददाता







वर्ष 2025 की विदाई व नववर्ष 2026 के स्वागत को सरोवर नगरी नैनीताल तैयार है। नगर के उच्च स्तरीय होटलों में लाइव मयूजिक व बॉलीवुड नाइट की थीम पर नववर्ष का रंग जमेगा। इधर होटल एसोसिएशन ने नगर की मालरोड को विद्युत लड़ियों से दुल्हन की तरह सजा दिया है। नववर्ष सेलिब्रेशन को मंगलवार (आज) से सैलानियों का उमड़ना शुरू हो जाएगा। नववर्ष मनाने को लेकर नैनीताल आकर्षण का केंद्र रहा है। करीब दो दशकों से यह प्रचलन चला आ रहा है । इस आयोजन में होटल कारोबारियों की बड़ी भूमिका रहती है जो इस बार भी बरकरार है। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने नगर की शान समझी जाने वाली मालरोड को रंग बिरंगी विद्युत मालाओं से सजा दिया है और मंगलवार (आज) से संगीत की धुनों के साथ नगर संगीतमय नजर आएगा। सैलानियों को आकर्षित करने की मुहिम में नगर के उच्च स्तरीय होटल भी पीछे नहीं हैं जिनमें रेडिसन ग्रुप का नाम नैनीताल समेत शेरवानी हिलटॉप, नैनी रिट्रीट व शिवराज होटल समूह के नाम प्रमुखता से शामिल हैं। इनके अलावा भी कई अन्य होटलों में साल की विदाई के साथ नववर्ष की धूम रहेगी। इन होटलों ने दो रात्रि विशेष पैकेज तैयार किए हैं। जिनमें अधिकांश एडवांस में बुक हो चुके हैं। पैकेज में लाइव म्यूजिक तथा डीजे और बॉलीवुड नाइट थीम पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जबकि बच्चों से लेकर वृद्धों तक मनोरंजन कार्यक्रम पैकेज में शामिल किए गए हैं। कुछ होटलों में कुमाऊनी लोक गीत व संगीत की धूम रहने वाली है। गाला डिनर में दर्जनों प्रकार व्यंजन परोसे जाएंगे। नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि पर्यटन को बढ़ावा देने को लेकर नववर्ष सेलिब्रेशन जैसे आयोजन महत्वपूर्ण होते हैं जिसे लेकर होटल एसोसिएशन इस वर्ष भी बखूबी अपना दायित्व निभाने जा रहा है।

घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

# अल्मोड़ा में खाई में गिरी बस, सात लोगों की मौत

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक बस खाई में गिर गई। हादसे में सात यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। एक बस खाई में गिरने की खबर है। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। कई यात्रियों के घायल होने की खबर है। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में एक बस हादसे का शिकार हो गई। एक बस खाई में गिर गई है। हादसे में सात लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि बस में लगभग 12 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व राहत-बचाव दल मौके के लिए रवाना हो गए हैं। घायलों को निकालने और उन्हें चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का काम जारी है। फिलहाल मृतकों और घायलों की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### घास काटने जंगल जा रहे व्यक्ति पर भालू ने किया हमला, सिर में आई गहरी चोट



**नई टिहरी।** टिहरी जिले में भालू का हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही। सरुणा केमर गांव में भी आज एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया। इस दौरान व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार, टीकाराम जोशी जंगल में घास काटने गया था। इस दौरान भालू ने उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर चोट आई है। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

## मौसम: आज पहाड़ों में बारिश-बर्फबारी के आसार घने कोहरे का येलो अलर्ट

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मंगलवार को मौसम बदलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पर्वतीय जिलों में 30-31 दिसंबर को बारिश-बर्फबारी की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया गया।

केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने के आसार हैं। उधर मैदानी जिले हरिद्वार, देहरादून, ऊधमसिंह नगर के साथ ही चंपावत, नैनीताल और पौड़ी में घना कोहरा छाया रहेगा। 31 दिसंबर को भी प्रदेश में मौसम का यही हाल रहेगा। इसका सीधा असर प्रदेशभर के तापमान में देखने को मिलेगा।

राजधानी में रविवार शाम से छाया घना कोहरा सोमवार को भी रहा। सुबह घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई थी। इसका असर हवाई और रेल यातायात पर भी पड़ा। देहरादून एयरपोर्ट पर सुबह 12.30 बजे तक कोई फ्लाइट नहीं उतर सकी। वहीं, विभिन्न शहरों से देहरादून आ रही तीन उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया। सुबह तीन उड़ानें विलंब से आईं। वहीं, देहरादून आने वाली तीन ट्रेनें भी लेट रहीं।



## कुत्तों को खाना खिलाने पर टिप्पणी से हुआ विवाद, दो समुदायों के युवक आपस मे भिड़े

देहरादून

हमारे संवाददाता

हरबर्टपुर चौक के पास सोमवार देर रात कुत्तों को भोजन खिलाने पर टिप्पणी करने से दो पक्षों में विवाद हो गया। युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट में हिंदू और मुस्लिम दोनों ही पक्ष के युवक शामिल थे।

मामले ने तूल पकड़ा और हरबर्टपुर चौकी के पास दोनों पक्षों के युवकों की बड़ी भीड़ जमा हो गई। युवकों ने पुलिसकर्मियों से लाठी छीन कर एक दूसरे के साथ मारपीट की। पुलिस ने लाठियां फटकार कर दोनों पक्षों को चौकी से खदेड़ा। दोनों पक्षों के चार युवकों के खिलाफ शांति भंग के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार हरबर्टपुर चौक के पास एक व्यक्ति की चाय की दुकान हैं। दुकान के बाहर युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। बजरंग दल से जुड़े कुछ युवक दुकान के बाहर निराश्रित कुत्तों को भोजन दे रहे थे। इस दौरान दुकान के भीतर बैठे एक हिंदू और मुस्लिम युवक ने उन पर गलत टिप्पणी कर दी। इससे नाराज तीन युवक दुकान में घुसे और दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ और अफवाह फैल गई कि हिंदू - मुस्लिम पक्ष में विवाद हुआ है। कुछ ही देर में चौकी के बाहर बड़ी संख्या में चार पहिया और दो पहिया वाहनों से बजरंग दल, अन्य संगठन और मुस्लिम समुदाय के युवक पहुंच गए। दोनों पक्षों के अभिभावक भी मौके पर आए।

## नारायणनगर क्षेत्र में दो वाहनों में हुई जबरदस्त भिडंत, पांच लोग घायल, एक गंभीर

नैनीताल

हमारे संवाददाता









नैनीताल के समीप नारायणनगर क्षेत्र में सोमवार को दो गाड़ियों की भिड़ंत हो गई। इस दौरान 5 लोग घायल हो गए जिसमें एक को गंभीर चोटें आ गयी।

जानकारी के मुताबिक एक ऑल्टो गाड़ी नैनीताल की तरफ आ रही थी और नैनीताल से फॉरच्यूनर गाड़ी नीचे की तरफ जा रही थी। दोनों गाड़ियों की बारापत्थर के पास जोरदार भिड़ंत हो गई और ऑल्टो में सवार 5 लोग घायल हो गए जिन्हें मल्लीताल कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने मौके पर पहुंचकर राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मरीजों को प्राथमिक उपचार दिया गया। बता दें घायलों में कोटाबाग नैनीताल निवासी मंगल सिंह (57), रामपुरा काशीपुर निवासी सुरजीत सिंह(65), मुरादाबाद निवासी मनीष कुमार (23), कालाढूंगी निवासी तैयब हुसैन (32) तथा पाठकोट कोटाबाग निवासी बहादुर सिंह (39) वर्ष शामिल थे। ऑल्टो वाहन चालक तैयब हुसैन ने बताया कि वह अपने टैकसी वाहन से नैनीताल की तरफ आ रहे थे तभी अचानक सामने से दिल्ली नंबर की फ ॉरच्यूनर गाड़ी काफ ी तेजी से आ रही थी जो कि उनकी टैकसी ऑल्टो से टकरा गई और यह दुर्घटना हो गई। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉ. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि नारायण नगर के पास दो गाड़ियों की भिड़ंत की सूचना आई थी। जिसमें 5 घायलों को मल्लीताल कोतवाल हेम चंद्र पंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे जिसमें 2 लोगों को सिर की चोट की वजह से सीटी स्कैन के लिए भेजा है। बाकी 3 मरीज अभी स्टेबल हैं। सीटी स्कैन की रिपोर्ट देखने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बीएसएसवी का सात दिनी शिविर का समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक स्कूल का सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को संपन्न हो गया।

बता दें अंतिम दिन की शुरुआत स्वयंसेवियों द्वारा प्रातः जागरण से की गई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवियों ने योग एवं व्यायाम कर अपने दिन को ऊर्जावान एवं अनुशासित बनाया। योगाभयास के उपरांत ईश वंदना की गई जिससे शिविर स्थल आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण हो गया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने लक्ष्य गीत का सामूहिक गायन और श्रमदान से सेवा, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने संकल्प को दोहराया।इसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा शिविर स्थल एवं उसके आसपास श्रमदान किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से स्वच्छता, सहयोग तथा सामुदायिक सेवा का प्रभावी संदेश समाज तक पहुँचाया गया। समापन दिवस के बौद्धिक सत्र में नगर पालिका परिषद की सभासद श्रीमती लता दफौटी ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए एनएसएस के माध्यम से किए जा रहे




सेवा कार्यों की सराहना की तथा सभी स्वयंसेवियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न निकेतों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तुत किए गए नुक्कड़ नाटक समाज से जुड़े अत्यंत उपयोगी विषयों पर आधारित रहे, जिनमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा स्वच्छता समेत पॉलीथिन प्रतिबंध, पहाड़ों से हो रहा पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दे प्रमुख रहे। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया।इसके अतिरिक्त माया एवं रिया द्वारा प्रभावशाली कहानी वाचन प्रस्तुत किया गया जिसने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। वहीं स्वयंसेवी हिमांशु द्वारा प्रस्तुत पहाड़ी गीत ने कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भर दिया। इस अवसर पर कुछ पूर्व स्वयंसेवियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवियों को प्रमाण.पत्र वितरित किए गए जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं उत्साह का संचार हुआ।समापन कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवी सुनैना द्वारा अत्यंत कुशलता एवं प्रभावी ढंग से किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता,कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती मीनाक्षी बिष्ट, श्री आलोक भट्ट, कुमारी निशा बनौला, श्रीमती दिव्या ढैला एवं गोदाबरी, हिमांशु व अर्जुन चमयाल की गरिमामयी उपस्थिति निरंतर बनी रही।

# नैनीताल में पत्नि ने प्रेमिका के साथ पति को रंगे हाथ पकड़ा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

**हंगामा**

- पत्नि ने पति की कार का शीशा तोड़ा

नगर के तल्लीताल स्थित गांधी चौक चौराहे पर पति को उसकी प्रेमिका के साथ देखा तो पत्नी ने हंगामा कर दिया। पत्नि ने गुस्से में पति के कार का शीशा भी तोड़ दिया। किसी तरह प्रेमिका जान बचाकर मौके से भागी। प्रेमिका को वापस बुलाने की मांग को लेकर पत्नी व उसके परिजन पुलिस चौकी में घंटो जमे रहे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नि से छुपकर प्रेमिका के साथ घूमने के लिए नैनीताल आया हुआ था। जब इस बात की जानकारी पत्नी को लगी तो वह अपने परिजनों के साथ नैनीताल पहुंच गई। पति की तलाश कर रही पत्नि को दोपहर में तल्लीताल गांधी चौक पर पति की कार दिखाई दी। इस बीच परिजनों ने बीच सड? खड़े होकर वाहन रोक लिया। पत्नि को सामने देख पति और उसकी प्रेमिका दंग रह गए। पत्नि के कहने पर जब पति कार से बाहर नहीं निकला तो पत्नि और उसके परिजनों ने बीच सड? पति की कार का सीसा तोड़ दिया। इस बीच प्रेमिका किसी तरह कार से निकल कर भाग गई और हंगामा हो गया। हंगामे पर पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मामला शांत किया और दोनों पक्षों को पुलिस चौकी ले आए। जहां दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करते रहे। पत्नी ने पति पर उससे मारपीट व घर से बाहर दूसरी महिला से संबंध होने के आरोप लगाए। वहीं पति ने भी पत्नी व उसके परिजनों पर मारपीट के आरोप लगाते हुए तलाक को लेकर मामला न्यायालय में चलने की बात कही। इस दौरान पत्नी व परिजन प्रेमिका को बुलाने की मांग पर चौकी में घंटो बैठे रहे। लेकिन प्रेमी के कई बार फोन करने पर भी प्रेमिका नहीं पहुंची। मामले में तल्लीता थाने के एसओ मनोज नयाल ने बताया कि पति व पत्नी दोनों के बीच अलग होने का मामला चल रहा है। दोनों की काउंसलिंग के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है।

# ग्राम सभा ज्योलीकोट की प्रथम खुली बैठक हुई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के ग्राम सभा ज्योलीकोट की प्रथम खुली बैठक सोमवार को ग्राम प्रधान नवल कुमार आर्या की अध्यक्षता में शहीद हीरा बल्लभ भट्ट राजकीय इंटर कॉलेज में संपन्न हुई।

बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती गीता जोशी,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बीना बेनवाल, ग्राम विकास अधिकारी उमेश पलड़िया समेत पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. हेमंत मर्तोलिया तथा चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति की समस्याओं तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरेलू जल कनेक्शन मुहैया न होना, विद्यमान जल टंकी की जर्जर अवस्थाए तथा विद्युत लाइनों एवं पोलों की खराब स्थिति प्रमुख रही। लोगों ने संबंधित अधिकारियों की अनुपस्थित और समाधान के प्रति उदासीनता पर आक्रोश व्यक्त किया। कूड़ा निस्तारण समेत विभिन्न योजनाओं में लाभार्थियों के चयन तथा स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु एंबुलेंस व्यवस्था से संबंधित प्रस्ताव भी प्रमुख रूप से रखे गए। बैठक में ग्राम सभा के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव प्रस्तुत किए और ज्योलीकोट को एक आदर्श ग्राम सभा के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया। बैठक में तय किया कि अधिकारियों की उदासीनता को लेकर शिष्ट मंडल जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मुलाकात करेगा ।



## NEWS / फटाफट

### सुमित बने राष्ट्रीय हनुमान दल के युवा जिलाध्यक्ष



**नैनीताल** । राष्ट्रीय हनुमान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित सिंह हिंदू ने संगठन को सशक्त और विस्तारित करते हुए नैनीताल जिले के विकासखंड रामगढ़ क्षेत्र के ग्राम हरतोला के निवासी कृष्ण चंद्र जोशी के पुत्र सुमित जोशी को राष्ट्रीय हनुमान दल जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा नैनीताल के पद पर नियुक्त किया गया। दूसरी ओर सुमित जोशी का कहना है कि वह धर्म रक्षा समेत नारी रक्षा, गौ रक्षा, संत रक्षा, राष्ट्र सेवा व मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे और अधर्म के खिलाफ हमेशा आवाज उठायेंगे और कहीं भी हो रहे अन्याय और अत्याचार के प्रति चुप नहीं रहेंगे। कहा कि वह देश के हर युवा को जगाना चाहते हैं।

### कार की चपेट में आने से पर्यटक का बच्चा चोटिल

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पर्यटक की कार की चपेट में आने से पर्यटकों का चार वर्षीय बच्चा चोटिल हो गया। बच्चे को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई है लेकिन राहगीरों ने कार चालक को पीट दिया। जानकारी के अनुसार अलीगढ़ से नैनीताल घूमने पहुंचे पर्यटक सोमवार की सुबह तल्लीताल में टहल रहे थे। इस दौरान उनके हाथ से बच्चे का हाथ छूटा तो वह सड? की ओर दौड़ गया और एक कार से जा टकराया। कार की टक्कर से बच्चा जमीन में गिरकर चोटिल हो गया। इस दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई और राहगीरों ने कार चालक पर्यटक को पीट दिया। आनन फानन पर्ययक बच्चे को राजरीय बीडी पांडे जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया अलीगढ़ निवासी चार वर्षीय शिवांश के पैर में चोट है। बताया कि एकसरे में कोई फेक्चर नहीं आया है। जिसके चलते उपचार के बाद बच्चे को छुट्टी दे दी है।

### मेरा पौधा -मेरा परिवार के तहत पौधरोपण



**नैनीताल** । राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी की ओर से राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधरोपण अभियान सोमवार को 532वें दिन भी जारी रहा। पौधरोपण अभियान के तहत मेरा पौधा-मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत डीडीहाट पिथौरागढ़ राजमार्ग में सड़क के किनारे कलानीछीना व्यू प्वाइंट में स्थित कपिल सिंह बिष्ट के भोजनालय के समीप पौधरोपण किया। इस दौरान हर्षित गुरुरानी, दिव्यांशु शाही व शंकर लाल आदि मौजूद रहे।

### एनएसएस स्वयंसेवियों ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**नैनीताल** । नगर के प्रतिष्ठित पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रहे सात दिनी एनएसएस शिविर के तहत सोमवार को शिविरार्थियों ने विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पूर्व शिविर की शुरुआत वंदना से हुई। उसके बाद स्वयंसेवियों ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उसके बाद बौदिक सत्र में स्वयंसेवियों को अतिथियों की ओर से अनुशासन, सहयोग व सामाजिक दायित्व के महत्व को बताया गया। दोपहर के बाद बिभिन्न सामूहिक गतिविधयों में स्वयंसेवी छात्राओं ने प्राथमिकता से भागादारी निभायी जबकि सायंकालीन सत्र में स्वयंसेवियों ने गीत व नृत्य के रंगारंग कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। इससे पूर्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने स्वयंसेवियों को कई जरुरी टिप्स दिए।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जिपं चुनाव प्रकरण:पुलिस के मुखिया के बयान से हाईकोर्ट नहीं हुआ संतुष्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण व चुनाव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रि पोलिंग तथा निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के दौरान पूर्व के आदेश पर सोमवार को प्रदेश के पुलिस मुखिया कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। उनके द्वारा कोर्ट को अवगत कराया गया कि इस क्राइम की जाँच कर रहे अधिकारी अरुण मोहन जोशी को किन्ही कारणों से हटाकर जाँच किसी अन्य अधिकारी को सौंपी जा रही है इसलिए उन्हें समय दिया जाय जिस पर कोर्ट सन्तुष्ट नहीं हुई। मामले के अनुस्सर 14 अगस्त 2025 को कोर्ट ने नैनीताल के जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के दौरान उनके सदस्यो का अपहरण करने के मामले में कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। जिसमें कई जीते हुए सदस्यो ने न्यायलय की शरण भी ली थी। बीडीसी सदस्य पूनम बिष्ट ने उच्च न्यायालय में एक अन्य याचिका दायर कर कहा है कि नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में एक मतपत्र में ओवर राइटिंग कर क्रमांक 1 को 2 कर अमान्य घोषित कर दिया गया। याचिका में कोर्ट से जिलाध्यक्ष पद के लिए पुनः मतदान कराए जाने की प्रार्थना की है।

## जिला अस्पताल के पीएमएस पर कार्रवाई करने पर हाईकोर्ट की रोक

**नैनीताल**। हाईकोर्ट ने नैनीताल जिले के भवाली में बन रहे सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के पीएमएस के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

न्यायमूर्ति जी0 नरेंदर और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की।सरकार की ओर से कहा गया कि नैनीताल के जिला अस्पताल में ऑकसीजन प्लांट विधिवत् रूप से काम करने लगा है। पीएमएस की ओर से राज्य सरकार को पत्राचार की गलत जानकारी दी गयी है। राज्य सरकार की ओर से पीएमएस के खिलाफ सो काज नोटिस जारी किया गया है। अदालत ने यह कहते हुए पीएमएस के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी कि राज्य सरकार को कार्रवाई से पहले अदालत को सूचित करना चाहिए था।

# हल्द्वानी शहर के बाजारों, गलियों व फुटपाथों में अतिक्रमण का मामला सुनवाई होगी अब 6 जनवरी को

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा गलियों व फुटपाथों में अवैध रूप संचालित फ ड़ तथा ठेलों को हटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई 6 जनवरी 2026 (मंगलवार) की तिथि नियत की है।

बता दें कि पूर्व के आदेश पर सोमवार को नगर निगम, एसएसपी तथा सिंचाई विभाग ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश की जिसपर कोर्ट ने उसपर सुनवाई हेतु 6 जनवरी 2026 की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी समाजिक कार्यकर्ता हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा फ ुटपाथों समेत सार्वजनिक स्थानों व गलियों में बिना रजिस्ट्रेशन के फड़ ठेले लगाये जा रहे है जिसकी वजह से आम जनता के लिए चलने की जगह तक नहीं रह गयी है, यही नहीं बाजारों में ई- रिकशा व टेमपो भी घुस जा रहे हैं जिनकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो रही है। कहा है कि जिस दुकान के सामने थोड़ी जगह भी बची है तो उसने बिना लाइसेंस प्राप्त ठेलो से सौ तथा पचास रुपएं रोजना किराए पर उस जगह को किराए पर दे रखा है। जिसका रिकार्ड नगर निगम के पास भी नहीं है। जिसकी वजह से शहर में अपराध भी बढ़ रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि अवैध रूप से संचालित फ ड़ ठेलों को हटाया जाए। रजिस्टर्ड फ ड़ व्यवसाइयों के लिए भूमि का चयन किया जाय साथ ही टेंपो व ई रिकशा का लिए भी पार्किंग की व्यवस्था कराई जाय। सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाय।

# अभिमत

## काम में आगे, प्रचार में पीछे

***कांग्रेस केवल वादे करती है और चुनाव नजदीक आते ही काम करने का दिखावा शुरू कर देती है, जबकि हम काम करते हैं, लेकिन हमारी योजनाओं और उपलब्धियों का जनता तक पर्याप्त प्रचार नहीं हो पाता है। कांग्रेस केवल रोड पर चूना लगाकर छोड़ देती थी, वादे करके उन्हें पूरा नहीं करती थी। प्रधानमंत्री ने खुद को मजदूर बताया और कहा कि आप बस काम करिए, यह मजदूर आपके पीछे खड़ा है। काम करने के बाद भी लोकसभा चुनाव में राजग के सांसदों की संख्या घट गई, इसकी वजह वहां के सांसदों द्वारा जनता से दूरी माना जा रहा है।***

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सांसदों और विधायकों से अनेक बार कह चुके हैं कि संसद और विधानसभा का सत्र नहीं होने पर अपने निर्वाचन क्षेत्र में जाकर जनसम्पर्क करके लोगों की समस्याओं का समाधान करें। सरकार की योजनाओं, जनहित में लिये गये निर्णय तथा उपलब्धियों से जनता को अवगत करायें। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के राजग सांसदों के साथ बैठक में कांग्रेस का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस केवल वादे करती है और चुनाव नजदीक आते ही काम करने का दिखावा शुरू कर देती है, जबकि हम काम करते हैं, लेकिन हमारी योजनाओं और उपलब्धियों का जनता तक पर्याप्त प्रचार नहीं हो पाता है। कांग्रेस केवल रोड पर चूना लगाकर छोड़ देती थी, वादे करके उन्हें पूरा नहीं करती थी। प्रधानमंत्री ने खुद को मजदूर बताया और कहा कि आप बस काम करिए, यह मजदूर आपके पीछे खड़ा है। काम करने के बाद भी लोकसभा चुनाव में राजग के सांसदों की संख्या घट गई, इसकी वजह वहां के सांसदों द्वारा जनता से दूरी माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव में करीब एक साल बचा है। पिछले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड में भाजपा ने सत्ता में वापसी तो कर ली, लेकिन सीटें कम हो गई थीं। प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा चुनाव के साथ सभी प्रदेशों में विधानसभा चुनाव की कमान भी खुद संभालते हैं। दरअसल भाजपा और राजग के अन्य घटक दल मोदी के चेहरे पर चुनाव जीतते हैं। सांसद और विधायक सिर्फ और सिर्फ टिकट की जुगाड़ में रहते हैं। चुनाव जीतने के बाद निर्वाचन क्षेत्र में जमीन पर चलना भी पसंद नहीं करते हैं। जनप्रतिनिधि वाहनों के काफिले के साथ गुजर जाते हैं। उनकी सूरत देखने के लिए लोग तरसते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जनप्रतिनिधियों को नसीहत देने के साथ कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करें। जनता के बीच रहें। निर्वाचन क्षेत्र में जगह-जगह जाकर हर वर्ग के लोगों से मिलकर समस्या सुने और मौके पर ही निस्तारण करें। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सरकार की योजनाओं के अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण करके खामियों को दूर करें। प्रधानमंत्री मोदी शुरू से ही खुद को प्रधान सेवक, चौकीदार कहते रहे हैं और अब मजदूर बता रहे हैं, उनकी कथनी-करनी में अंतर नहीं है। गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री पद पर दो दशक से अधिक समय से बिना एक भी दिन अवकाश के कार्य कर रहे हैं। इस तरह का दूसरा उदाहरण मिलना कठिन है। यदि मंत्री, सांसद, विधायक इसी तरह जनसेवक समझ कर काम करें तो देश की तस्वीर बदल सकती है।

# भीमताल में किसान दिवस का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में सोमवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को अधिकारियों ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका प्राथमिकता से समाधान किया।



विकास खण्ड भीमताल सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किसान दिवस में आयोजित शिविर में किसानों की समस्याओं को सुना। विभिन्न विभागों द्वारा उपस्थित किसानों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया तथा उन्हें लाभ प्रदान किया।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने किसानों से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र एवं राज्य सरकार की किसानों के हित में संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समय पर पहुँचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान कभी हार नहीं मानते वह मानवता से हमेशा मेहनत करता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को नई तकनीकी एवं उन्नतशील खेती के लिए निरंतर सहयोग दें।जिलाधिकारी ने कहा जो धरती की सेवा करता है धरती उसकी भी सेवा करती है। किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने जैविक एवं प्राकृतिक कृषि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि बाजार में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है ऐसे में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अधिकारियों से किसानों के साथ समन्वय स्थापित कर ऑर्गेनिक खेती को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख भीमताल डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि पॉली हाउस तथा कृषि बीज व उपकरण एवं रसायन समय पर किसानों को मुहैया कराए जाने से उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर कृषि, उद्यान, कृषि विज्ञान केंद्र, मत्स्य पालन,पशुपालन व इफको आदि विभागों से आए अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों द्वारा जंगली जानवरों की समस्या के साथ ही पॉलीहाउस मुहैया कराने, इंडिका प्रजाति की मधुमक्खी मुहैया कराने की मांग प्रमुखता से रखी। इस अवसर पर क्षेत्र उप प्रमुख भीमताल उमेश पलड़िया, मुखय कृषि अधिकारी रितु टमटा, मुखय उद्यान अधिकारी प्रेमा राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी क्षेत्र से आए किसान वह अनेक जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## जी एन जी क्रिकेट अकादमी ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही सीनियर पुरुष वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का उद्घाटन मुकाबला जी एन जी क्रिकेट ग्राउंड में एच सी सी और जी एन जी क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जी एन जी क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 39वें ओवर में 210 रन बनाकर आल आउट हो गयी। टीम के लिए लक्ष्य राय चंदानी ने 53, मुकुल कुमार ने 27, प्रतीक पांडे ने 24 और पृथ्वी गैरा ने 20 रनों का रनों का योगदान दिया। एच सी सी के गेंदबाज अंशुल शर्मा ने 3, विशाल खाती, उज्जवल क्षीरा और लक्ष्य नयाल ने तीन-तीन विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी एच सी सी की की टीम कुछ खास नहीं कर सकी और पूरी टीम 27वें ओवर में 150 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और 60 रनों से मैच हार गयी। केवल विशाल खाती 52 रन,परितोष राणा 31 रन, मनमोहन 28 और गौरव अधिकारी 20 रन ही दहाई का अंक पर कर सके ।जी एन जी के गेंदबाज आकाश सिंह ने 3, रणजी खिलाड़ी पीयूष जोशी और पृथ्वी गैरा ने 2-2, अंडर-19 भारतीय खिलाड़ी आदित्य रावत, लक्ष्य राय चंदानी और देव ने एक-एक विकेट लिया।

# विधायक कैड़ा ने धारी के पहाड़पानी में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्या

**धारी**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने धारी बलाक के पहाड़पानी में जन जन की सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम मे ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी व स्वास्थ्य आदि समस्याओं को विधायक कैड़ा व अधिकारियों के सममुख रखा।

इस दौरान विधायक कैड़ा ने अधिकारियों से ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के करने के निर्देश दिये। जन जन की सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान मौके पर किया है।

विधायक कैड़ा ने कहा हमारी सरकार का प्रयास है गाँव के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति की समस्याओ का समाधान हो जिस दिशा मे हमारी सरकार कार्य कर रही है। विधायक ने अधिकारियो से सरकार की योजनाओं का लाभ गाँव के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक पहुंचाने को कहा!




विधायक कैड़ा ने कहा मुखयमंत्री धामी की सरकार जनता के द्वार पहुंचकर जनता की छोटी बड़ी समस्याओं का समाधान करने हेतु लगातार कार्य कर रही है विधायक कैड़ा ने अधिकारियों को अपनी जिमेदारी का निर्वाहन करते हुऐ जनता की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये! इस दौरान राज्य मंत्री शांति महरा, सीडीओ गोस्वामी, तहसीलदार सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अमिताभ के नाती पर रेखा ने लुटाया प्यार, पापा के साथ सनी ने खिंचाई फोटो



*अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की फिल्म 'इक्कीस' नए साल के मौके पर 1 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार है। यह अगस्त्य की सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली पहली फिल्म है। वहीं दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की ये आखिरी फिल्म है। इस फिल्म में धर्मेंद्र पहली बार निधन के बाद नजर आएंगे। अब रिलीज से पहले बीते सोमवार यानी 29 दिसंबर को मुंबई में फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई। इसमें बॉलीवुड के तमाम सितारे शामिल हुए। स्क्रीनिंग के दौरान कई ऐसे पल आए, जो हमेशा के लिए इस शाम को यादगार बना गए।*

*स्क्रीनिंग के दौरान अभिनेता सनी देओल भी पहुंचे। इस दौरान सनी देओल पापा धर्मेंद्र को पोस्टर पर देखकर भावुक हो गए। इसके बाद उन्होंने पैपराजी को पोज देते समय कहा, 'पापा के साथ फोटो लीजिए।' फिर वो धर्मेंद्र के पोस्टर के पास खड़े हो गए। धर्मेंद्र को पोस्टर पर देखकर सनी देओल एक दम थम से गए। भाईजान सलमान खान भी 'इक्कीस' की स्क्रीनिंग पर पहुंचे। धर्मेंद्र को अपने पिता समान मानने वाले सलमान खान फिल्म के पोस्टर पर धर्मेंद्र को देखकर इमोशनल हो गए। उनकी आंखों में आंसू छलक आए। वहीं इस दौरान सलमान की अंगूठी ने भी लोगों का ध्यान खींचा। ये वो ही अंगूठी थी जिसे धर्मेंद्र ने सलमान को दिया था। धर्मेंद्र सलमान को अपना तीसरा बेटा मानते थे।*

### फातिमा को देख खुश हुई तब्बू

*अभिनेत्री तब्बू भी 'इक्कीस' की स्क्रीनिंग का हिस्सा बनीं। इस दौरान फातिमा सना शेख को देखकर तब्बू काफी खुश हो गई। दोनों ने साथ में कैमरे के सामने पोज भी दिए। तभी तब्बू ने सभी को बताया कि फातिमा ने 'चाची 420' में उनकी बेटी का किरदार निभाया था। तब फातिमा चाइल्ड आर्टिस्ट थीं। इसके बाद तब्बू ने फातिमा पर प्यार भी लुटाया।*

# अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण तहसील के बुंगीधार गांव के नवनिर्वाचित प्रधान के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर हुई सुनवाई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण तहसील के बुंगीधार गांव के नवनिर्वाचित प्रधान के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए आगामी सोमवार यानी 5 जनवरी 2026 को राज्य निर्वाचन आयोग से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा है।



बुंगीधार की मोहिनी देवी ने याचिका दायर कर आरोप लगाया कि कुछ महीने पूर्व हुए ग्राम प्रधान चुनाव में उसके प्रतिद्वंद्वी रमेश चंद्र लखचौरा निर्वाचित हुआ है। याचिका में कहा गया कि कई मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदाता सूची में दर्ज हैं। वर्ष 2019 में हुए ग्राम प्रधान चुनाव में बुंगीधार की मतदाता सूची में कुल 183 मतदाताओं के नाम शामिल थे लेकिन वर्ष 2025 में यह संखया 365 हो गयी। यही नहीं इनमें से 62 मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदाता सूची में शामिल हैं। यह भी कहा गया कि प्रतिवादी ग्राम प्रधान का वास्तविक नाम रमेश चंद्र लखचौरा के बजाय रमेश चंद्र है और परिवार रजिस्टर और लखनऊ की गोमतीनगर मतदाता सूची से यह साफ जाहिर हो रहा है। इसके बावजूद निर्वाचन अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि उसने इस मामले में कई जगह शिकायत की लेकिन सोमवार तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। याचिकाकर्ता ने अदालत से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

News कॉर्नर

### थर्टी फर्स्ट व नववर्ष को लेकर दमकल विभाग ने होटलों में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल में थर्टीफ स्ट व नववर्ष 2026 पर पर्यटकों की भीड़ व अग्निसुरक्षा के मध्यनजर दमकल विभाग ने सोमवार को होटलों रेस्टोरेंट में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संचालकों को अग्निसुरक्षा व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। बता दें कि बीते दिनों नैनीताल में तीन बड़े अग्निकांड हुए हैं जिसमें करोड़ों का नुकसान हुआ है। इधर थर्टीफ स्ट व नववर्ष पर पर्यटकों की संभावित भीड़ को देखते हुए दमकल विभाग चौकन्ना हो गया है। विभाग की ओर से सोमवार को नगर के होटलों रेस्टोरेंट में निरीक्षण कर अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एफ एसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को अग्निसुरक्षा यंत्र रखने के साथ अन्य सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

### कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार भी

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिये शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार (आज) भी जारी रखी है। हाईकोर्ट ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा कुमाऊँ को इस मामले में कोर्ट में पेश होने को कहा है । पिछली सुनवाई में मुखय न्यायाधीश जी.नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने विभाग से उन सभी व्यक्तियों की सूची मांगी थी जिन्हें दिव्यांग कोटे के तहत नियुक्त किया गया है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि शपथ पत्र के साथ नियुक्त व्यक्तियों की विकलांगता का प्रकार और उनके विकलांगता प्रमाणपत्रों की प्रतियां भी अनिवार्य रूप से संलग्न की जाएं।

## तरुणारंभः यूथ फुल बिगिनिंग फ्रेशर्स पार्टी को विद्यार्थियों ने बनाया यादगार

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग नैनीताल में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं के स्वागत के लिए तरुणारंभ-यूथ फुल बिगिनिंग थीम पर भव्य एवं यादगार फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक इस कार्यक्रम का मुखय उद्देश्य नए विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास विकसित करना तथा सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच सौहार्द सहयोग और अपनत्व की भावना को मजबूत करना रहा।कार्यक्रम के मुखय अतिथि प्रखयात शिक्षाविद् एवं अनेक राष्टीय बयूटी पेजेंट्स के जज रहे मिस्टर



राजीव के. श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रितु रखोलिया रहीं। इसके साथ ही श्रीमती बीना जीना ग्राम प्रधान चोपड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में मिस्टर राजीव के. श्रीवास्तव ने अपने तीन दशकों के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन तथा सकारात्मक सोच व आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डाला जबकि डा. रितु रखोलिया ने नर्सिंग जैसे सेवा प्रधान पेशे में करुणा व समर्पण और मानवता के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी वहीं श्रीमती बीना जीना ने विद्यार्थियों से समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा पहाड़ी समेत राजस्थानी व साउथ इंडियन सहित विविध सांस्कृतिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। इसके अतिरिक्त सिंगिंग, गेमस, टैलेंट राउंड एवं रैंप वॉक जैसी प्रतियोगिताओं ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा। नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भागीदारी निभाई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। रैंप वॉक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर कल्पना चौहान को मिस फ्रेशर, गीता जोशी को बेस्ट परफ ॉर्मर तथा मनीषा बिष्ट को मिस रनर अप घोषित किया गया। अन्य श्रेणियों में लक्ष्मी मेहता को मिस फोटोजेनिक जबकि संजना राज को मिस इंटेलेक्चुअल वहीं भावना मेहता को मिस अटायरए रोकोनेइनुओ को मोस्ट चार्मिंग फेस तथा वंदना धामी को मोस्ट टैलेंटेड का खिताब प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कॉलेज के मैनेजिंग डायरेटर इंजीनियर आई. पी. सिंह, चेयरपर्सन श्रीमती मंजू सिंह एवं डायरेटर डॉ. संजय कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडलए शिक्षकों और छात्रों की सराहना की।

## सफलताः पुलिस ने 206 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने नए साल की शुरुआत खास अंदाज में करते हुए नए साल का तोहफा उन लोगों को दिया है जिन लोगों के मोबाइल कहीं खो गए थे। पुलिस ने 206 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें उनके असली मालिकों को लौटा कर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है।

इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 33,46,200 रुपये बताई जा रही है। मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने मोबाइल फोन लौटाने को फरियादियों के लिए नव वर्ष की विशेष सौगात करार दिया। जानकारी के अनुसार, नवंबर से दिसंबर तक नैनीताल पुलिस को मोबाइल ऐप और सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न ब्रांड के



मोबाइल चोरी होने की शिकायतें मिलीं।

एसएसपी के निर्देश पर जनपद स्तर पर मोबाइल ऐप सेल गठित की गई और शिकायतकर्ताओं द्वारा दिए गए आईएमईआई नंबरों के आधार पर विभिन्न राज्यों में मोबाइल फोन की तलाश की गई। इस अभियान में एसपी क्राइम डॉ. जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी और प्रभारी मोबाइल ऐप (साइबर सेल) गणेश सिंह मनोला की टीम सक्रिय रही।

कड़ी मेहनत के बाद 206 मोबाइल फोन बरामद किए गए और सभी फरियादियों को सौंप दिए गए। मोबाइल लौटाने के बाद नागरिकों ने पुलिस का धन्यवाद किया। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ ने कहा कि यह अभियान साइबर अपराध और मोबाइल चोरी के मामलों में पुलिस की सक्रियता का उदाहरण है।

## शुभानु हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

ग्राम प्रधान किलौर राजेंद्र सिंह नेगी एवं यूकेडी जिला प्रचार मंत्री नैनीताल मनोज सिंह नेगी के संयुक्त सहयोग एवं प्रयास से ग्राम किलौर, गुलाबघाटी, रामगढ़ ब्लॉक में शुभानु हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम किलौर सहित आसपास के कई गांवों से आए लगभग 100 ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा आंखों से संबंधित रोगों की जांच की गई तथा आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीसी माथुर, दिनेश सक्सेना, पंकज सिंह बिष्ट, विजय बिष्ट एवं तोहित का विशेष सहयोग रहा, जिनके सहयोग से शिविर को सफल बनाया जा सका। शिविर को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला और लोगों ने इस जनहितकारी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। आयोजकों द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का आश्वासन दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।



## दुकान से नकदी चोरी के शक में पहुंची पुलिस तो युवक ने ब्लेड से रेता गला दोनों हाथों की नस भी काटी, गंभीर

किच्छा

हमारे संवाददाता

घटना

- पुलिस ने दरवाजा तोड़ लोगों की मदद से युवक को अस्पताल पहुंचाया

दुकान से नकदी चोरी के संदेह में पूछताछ करने पहुंची पुलिस के सामने अपने आपको ट्रायल रूम में बंद कर ब्लेड से गला रेत लिया।

हालांकि पुलिस ने दरवाजा तोड़ उसे बाहर निकाल लहूलुहान हालत में सीएचसी में भर्ती कराया है। युवक ने गला के साथ दोनों हाथों की नस भी काट ली। काफी खून बह जाने के कारण उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात महेंद्र जनरल स्टोर व जॉकी शोरूम मां गंगा सेल्स से साढ़े चार लाख की नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस को पहले दिन से ही दुकान में ही काम करने वाले कर्मचारी पर संदेह था। जिसके चलते पुलिस दुकान के कर्मचारियों से लगातार पूछताछ कर रही थी। सोमवार दोपहर जब पुलिस दुकान में पूछताछ के लिए पहुंची तो तैयब पुत्र इशाक निवासी वार्ड नंबर 15 किच्छा को लगा पुलिस उसे पकड़कर ले जाएगी। जिस पर उसने भाग कर अपने आपको मां गंगा सेल्स के ट्रायल रूम में अपने आपको बंद कर ब्लेड से गला काट लिया। पुलिस दरवाजा तोड़कर जब अंदर घुसी तो चारो तरफ खून बिखरा था।

पुलिस ने स्थानीय दुकानदार के सहयोग से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। चिकित्सक उसके उपचार में जुटे हैं। युवक ने गला रेतने के साथ ही दोनों हाथों की नसें पर भी ब्लड मार लिया। हालत नाजुक बताई जा रही है।



## बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कुलपति ने 66 विद्यार्थियों को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया




सोमवार को वार्षिक खेलकूद पुरस्कार वितरण समारोह पंतनगर विश्वविद्यालय के बाल निलयम जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने पुरस्कार वितरण किए। इस मौके पर कुलपति डा. चौहान ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय की अध्यापिकाओं के योगदान की सराहना की और शिक्षकों को छात्रों के व्यवहारिक कौशल सुधारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से स्वच्छता की आदतों को ब ?ावा देने में सहयोग करने का अनुरोध भी किया। इस अवसर पर प्रबंधक डा. श्रीराम, डा. मोहन सिंह, अधिष्ठाती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल, प्रधानाध्यापिका डा. मंजु जोशी, सभी अध्यापिकाएं, कर्मचारी, अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विजया शुक्ला, राजरानी ने किया। इसके अतिरिक्त , निधि मिश्रा, कविता सती, आशा जोशी द्वारा तैयार कराए गए नृत्यों की कुलपति द्वारा विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम के अंत में कुलपति ने 66 विद्यार्थियों को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

## अधिवक्ता से मारपीट मामले में पुलिस पर शिकायत दर्ज न करने का आरोप

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला न्यायालय नैनीताल में कार्यरत अधिवक्ता गजेंद्र सिंह मेहरा ने मारपीट मामले में पुलिस पर कोई कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया है।

अधिवक्ता ने इस संबंध में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव को एक लिखित पत्र सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पत्र में अधिवक्ता ने बताया कि बीते शुक्रवार की शाम वह न्यायिक कार्य निपटाने के बाद अपने गांव मंगोली स्थित घर लौट रहे थे इसी दौरान गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचते ही एक व्यक्ति ने उन पर अचानक हमला कर दिया हमले से वह जमीन पर गिर पड़े जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई अधिवक्ता का आरोप है कि हमलावर ने न्यायालय से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज व प्रपत्र फाड़ दिए उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया व सोने की अंगूठी और चेन छीन ली साथ ही उन्हें एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई घटना की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी गई इसके बावजूद अगले दिन शनिवार को मंगोली चौकी पहुंचने पर वहां पुलिस ने उनकी शिकायत लेने से मना कर दिया इसके बाद वह नैनीताल कोतवाली पहुंचे जहां भी शिकायत दर्ज नहीं की गई।

अधिवक्ता ने पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है वहीं मामले को लेकर अधिवक्ता संघ में भी गहरा रोष जताते हुवे कार्यवाही न होने पर मल्लीताल कोतवाली के खिलाफ प्रदर्शन की बात कही है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रजिया बेगम से बदलकर रजिया खानम रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे रजिया खानम नाम से जाना पहचाना जाए। - **रजिया खानम पत्नी मो० अयाज, सरोज भवन मोतीमहल, एनेक्सी तल्लीताल, नैनीताल (उत्तराखंड)**